प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.02.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्ष 2032 तक हिमाचल न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि एक आदर्श ग्रीन स्टेट के रूप में भी स्थापित होगा। वे कल देर शाम शिमला में पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी व जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा तैयार गैर सीओ–टू उत्सर्जन पर वैज्ञानिक विमोचन रिपोर्ट के अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा की सरकार ने अपने पहले बजट से ही इस दिशा में कार्य करना आरम्भ कर दिया था और नॉन सीओ–टू मिशन के तहत पिछले तीन वर्षों से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उदेश्य इलैक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देना और सौर ऊर्जा योजनाओं को लागू करना प्रमुख है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जलवायु परिर्वतन के प्रभाव पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल में देखने को मिले है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ––––– ''37''

नॉन सीओ–टू मिशन और सीओटू मिशन को कम करने के लिए हमारी सरकार ने बरसक प्रयास किए है आपने देखा कि बजट के बाद हम ई–व्हीकल चाह रहे है नॉन सीओटू मिशन जो रहा है वह हम पिछले तीन साल से सोच रहे है हमने ग्रीन स्टेट बनना है अड़चने है 2026 लक्ष्य रखा था लेकिन व बड़ रहा है जो डिजिल बसें है उसे हम पैट्राल बसों को हम कम करने जा रहे है एचआरटीसी है उसे हम इलैक्ट्रिक व्हीकल सिस्टेंमैटिक बसों में कनर्वट करना है इस साल बहुत ज्यादा मात्रा में इलैक्ट्रिकल बसें आ जाएंगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में जैव संसाधन आधारित उद्योगों व औषधीय पौधें की खेती को बढ़ावा देने के लिए दो कम्पनियों के साथ एम.ओ.यू. भी हस्ताक्षरित किए।

पीटीसी योगराज /

मिति समिति

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजीलॉकर से संबंधित नियमों की समीक्षा और सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। मंत्रालय के अनुसार, यह समिति मौजूदा डिजीलॉकर नियमों की जांच करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे वर्तमान प्रौद्योगिकी और कानूनी परिवेश के अनुरूप हैं। यह समिति भविष्य की रूपरेखा भी तैयार करेगी, जिसमें एंटिटी लॉकर सेवाओं, व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र में भागीदारी और संभावित व्यावसायीकरण की योजनाएं शामिल होंगी। मंत्रालय के पूर्व सचिव अजय सहनी समिति के अध्यक्ष होंगे। इसमें कानूनी तथा प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

होला मोहल्ला

ऊना जिला के अम्ब उपमंडल के तहत डेरा बाबा बड़भाग सिंह में 10 दिनों तक चलने वाला होला मोहल्ला मेला बीते कल शुरू हो गया। इस कार्यक्रम में देश के उतरी इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है, जो माथा टेकने के बाद मांजी साहिब गुरूद्वारा में शीष नवाकर साथ ही बहने वाली चरण गंगा में पवित्र डूबकी लगाते है। ऐसी मान्यता है कि ऐसे करने से मानसिक रोगों से निजात भी मिलती है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। इसके अलावा कानून व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की मद्द ली गई है और एक हजार 7 सौ 50 पुलिस व होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई है।

किसान कल्याण

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के कल्याण के लिए राज्यों को आवंटित धनराशि का 31 मार्च तक शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में कई राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही। बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति स्कीम की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि जमीनी स्तर पर किसानों तक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्रीय निधियों का समय पर कुशल उपयोग जरूरी है।

ई–केवाईसी

प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत सभी कामगारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विशेष रूप से हिमकेयर का लाभ सुनिश्चित करने के लिए ई–केवाईसी करवाना अब अनिवार्य किया गया है। बोर्ड के एक प्रवक्ता ने सभी पंजीकृत कामगारों से श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय शिमला में जल्द अपनी ई–केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि ई–केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण न होने की स्थिति में कामगारों को मिलने वाली वित्तीय सहायता और स्वास्थ्य लाभ रूक सकते हैं।

बैडमिंटन

हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन ऐसोशियन द्वारा कुल्लू में चार दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता जारी है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के एक सौ 56 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों व खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी गोवा में होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।